दिनांक: 03.02.2026 समय : 09:00 ए.एम.

- **राज्य विधानसभा में आज राज्यपाल के अभिभाषण पर बहस जारी रहेगी–वहीं सदन में आज वित्त और विनियोग लेखे और कई वार्षिक प्रतिवेदन रखे जायेंगे।**
- **मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने हर शहर में समावेशी और नागरिक केन्द्रित विकास मॉडल बनाने पर जोर दिया।**
- **प्रदेश में चल रहे ग्राम उत्थान शिविरों के पहले चरण में दस लाख से ज्यादा ग्रामीण लाभान्वित।**
- **राज्य में कुछ स्थानों पर अगले दो–तीन दिन बारिश और घने कोहरे का दौर जारी रहने के आसार।**

00000

राज्य विधानसभा की कार्यवाही आज तीन दिन के अंतराल के बाद फिर से शुरू होगी। राज्यपाल के अभिभाषण पर बहस जारी रहेगी। अभिभाषण पर मुख्यमंत्री की ओर से दिये जाने वाले जवाब का समय आज तय होने की संभावना है। सदन में आज वित्त और विनियोग लेखे तथा अधिसूचनाएं रखी जायेंगी। इसके अलावा कई वार्षिक प्रतिवेदन भी सदन के पटल पर रखे जायेंगे। विधानसभा में 5 से 10 फरवरी तक अवकाश रहेगा। राज्य बजट 11 फरवरी को पेश होगा।

0000

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा है कि प्रदेश में शहरी विकास से जुडी परियोजाओं में भविष्य की जरूरतों का ध्यान रखा जाये, जिससे राजस्थान का हर शहर समावेशी और नागरिक केन्द्रित विकास का मॉडल बन सके। कल मुख्यमंत्री कार्यालय में आयोजित बैठक में श्री शर्मा ने अधिकारियों को परियोजनाओं के क्रियान्वयन में गुणवत्ता के साथ ही समय सीमा का भी पूरा ध्यान रखने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि नगरीय क्षेत्रों में पीने के पानी, साफ सफाई, सड़क, सीवरेज और अपशिष्ट प्रबंधन की परियोजनाओं में तेजी लाई जाये। बैठक में मुख्यमंत्री ने जयपुर मैट्रो फेज–2, विभिन्न फ्लाईऑवर्स और एलिवेटेड रोड की प्रगति की भी जानकारी ली।

0000

प्रदेश में पांच हजार राशन दुकानों पर अन्नपूर्णा भण्डार खोले जाने के लिए आज सुझाव आमंत्रण बैठक होगी। जयपुर में होने वाली इस बैठक में एफएमसीजी (थ्डब्ळ) उत्पादों के समूहकर्ता और उत्पादक, राजस्थान राज्य खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति निगम लिमिटेड को अपने सुझाव देंगे। प्रदेश में अल्पआयवर्ग के परिवारों को रोजमर्रा की जरूरत का सामान उचित मूल्य पर उपलब्ध कराने के लिए राशन की दुकानों पर अन्नपूर्णा भण्डार खोले जाने प्रस्तावित है। इसके लिए राजस्थान राज्य खाद्य और नागरिक आपूर्ति निगम लिमिटेड की ओर से सुझाव आमंत्रित किये गये है।

0000

केन्द्रीय बजट 2026–27 को लेकर प्रदेशभर में मंत्री अपने प्रभार वाले जिलों में प्रेस वार्ता कर लोगों को जानकारी दे रहे है। इसी कडी में शिक्षा और पंचायती राज मंत्री मदन दिलावर ने कल बारां में पत्रकार वार्ता की। उन्होंने बजट को हर वर्ग को फायदा पंहुचाने वाला बताया। श्री दिलावर ने कहा कि एम्स की तर्ज पर आयुर्वेद के अखिल भारतीय संस्थान बनने से परम्परागत चिकित्सा पद्धतियों को बढावा मिलेगा। वहीं कृषि मंत्री किरोडी लाल मीणा ने सवाईमाधोपुर में मीडिया से बातचीत में कहा कि केन्द्रीय बजट से देश की आर्थिक प्रगति को रफ्तार मिलेगी।

....

जनजाति विकास मंत्री बाबूलाल खराडी ने कहा कि कृषि क्षेत्र को एआई से जोडना स्वागत योग्य पहल है।

.....

विधानसभा के मुख्य सचेतक जोगेश्वर गर्ग ने जालोर में कहा कि केन्द्रीय बजट आत्मनिर्भर भारत की दिशा में बडा कदम है। इससे युवाओं के लिए रोजगार कौशल विकास और स्टार्टअप को बढावा मिलेगा।

0000

एसआई भर्ती परीक्षा 2021 पेपर लीक मामले में 50 हजार रूपये के इनामी डमी अभ्यर्थी को गिरफ्तार किया है। राजस्थान पुलिस के स्पेशल ऑपरेशन ग्रुप ने इसे फलौदी में पकडा। एसओजी के अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक विशाल बंसल ने बताया कि डमी अभ्यर्थी अशोक कुमार लम्बे समय से फरार चल रहा था। आरोपी ने भर्ती परीक्षा के तीनों दिन दूसरे अभ्यर्थियों के स्थान पर डमी बनकर लिखित परीक्षा दी थी। ये सभी अभ्यर्थी अवैध रूप से चयनित हुए थे।

0000

जैसलमेर के पोकरण क्षेत्र में पिछले दिनों पाकिस्तानी खुफिया एजेंसी के लिए जासूसी करने के मामले में गिरफ्तार झबरा राम को कल नेडान गांव लाया गया। सीआईडी की इंटेलिजेंस टीम उसे पूछताछ के लिए लाई है। जहां आरोपी के आवास और विभिन्न स्थानों पर उससे मौका तस्दीक करवायी गई। झबराराम पर आईएसआई के लिए जासूसी करने की बात सामने आई है।

000

प्रदेश में चल रहे ग्राम उत्थान शिविर के पहले चरण में 10 लाख 62 हजार से अधिक ग्रामीणों को लाभान्वित किया गया है। 1 हजार 270 गिरदावरों सर्कलों पर शिविर लगाकर 13 विभागों की योजनाओं से आमजन को जोडा गया है। इन शिविरों में विभिन्न योजनाओं के आवेदन पत्र मौके पर ही तैयार करवाये जा रहे है। पहले चरण में मुख्यमंत्री मंगला पशु बीमा योजना के तहत 72 हजार से ज्यादा पशुओं का पंजीकरण कर प्रमाण पत्र जारी किये गये। 76 हजार से ज्यादा सोयल हेल्थ कार्ड वितरित किए गए और 2200 से ज्यादा ग्राम पंचायतों में पॉलीहाउस निर्माण के लिए आवेदन करवाये गये। कृषि और उद्यानिकी विभाग की ओर से 4 लाख 40 हजार किसानों को न्यूनतम समर्थन मूल्य और 5 लाख से ज्यादा किसानों को अन्य कृषि योजनाओं की जानकारी दी गई है। ग्राम उत्थान शिविरों का दूसरा चरण 1 फरवरी और 5 से 9 फरवरी तक आयोजित किया जा रहा है।

0000

देशभर में 676 लाख हैक्टेयर से अधिक रबी फसल की बुवाई हो चुकी है। कृषि और किसान कल्याण मंत्रालय ने बताया कि पिछले महीने की 30 तारीख तक ये बुवाई पूरी हो चुकी है, जो पिछले साल की तुलना में 15 लाख हेक्टेयर अधिक है। 335 लाख हेक्टेयर क्षेत्र में गेहूं की बुवाई और 45 लाख हैक्टेयर में धान की बुवाई हुई है। दलहन बुवाई में भी बढोतरी दर्ज की गई है। तिलहन की बुवाई का रकबा 97 लाख हेक्टेयर से अधिक हो गया है।

0000

केन्द्रीय संचार ब्यूरो की ओर से आज बाडमेर में मल्टीमीडिया प्रदर्शनी शुरू होगी। राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में लगने वाली इस प्रदर्शनी की थीम **विकसित भारत अन्नदाता कमान और श्रम शक्ति का सम्मान** रखी गई है। प्रदर्शनी में राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम के डेढ सौ साल को भी केन्द्र में रखा गया है। तीन दिन की इस प्रदर्शनी में विभिन्न तकनीकी **सत्र** रखे गये है।

0000

प्रदेश में कुछ स्थानों पर बारिश का दौर अगले दो–तीन दिन जारी रहने के आसार है। बीते 24 घंटों में कोटा और चित्तौडगढ में हल्की बारिश दर्ज की गयी। बारां में अल सुबह तेज गरज के साथ शुरू हुआ बारिश का दौर रूकरूक कर जारी है। इसके असर से तापमान में बढोतरी दर्ज की गई है। इस बीच भरतपुर सहित कई स्थानों पर घना कोहरा छाया हुआ है। मौसम केन्द्र जयपुर के निदेशक राधेश्याम शर्मा ने बताया कि अगले दो दिन तक कोटा और उदयपुर में संभाग में गरज के साथ बारिश की गतिविधियां जारी रहने के आसार है। कहीं–कहीं घना कोहरा भी दर्ज होने की संभावना है।

....

0000